CMYK


# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 137 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार,05 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस होगा रद्दः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### हाईवे किनारे अतिक्रमण हटाने, अवैध कट बंद करने व ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सड़कों पर सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाए, वहीं ओवरस्पीड और ओवरलोडिंग करने वालों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से प्रदेशभर में 4 से 15 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाएं।

### यातायात नियमों की पालना पर जीरो टॉलरेंस नीति

शर्मा ने चेताया कि समय पर कार्यवाही नहीं करने वाले विभागीय अधिकारियों और कार्मिकों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल चालकों की नहीं बल्कि सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा की सड़क सुरक्षा के साथ किसी



भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर कठोरतम कार्रवाई होगी।

अवैध कट और अतिक्रमण होंगे खत्म

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हाईवे पर सभी अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए तथा अवैध पार्किंग और ढाबों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारतमाला और दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर के किनारे बने अवैध निर्माणों को शीघ्र हटाया जाए।

### मेडिकल जांच और लाइसेंस नवीनीकरण में होगी सख्ती

शर्मा ने कहा कि भारी वाहन चालकों की आंखों की जांच रिपोर्ट गलत पाए जाने पर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि 15 नवम्बर से 15 फरवरी तक ट्रक चालकों की



आंखों की जांच विशेष अभियान के तहत की जाए।

### नो एंट्री और गलत दिशा में वाहन चालकों पर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि नो एंट्री जोन में नियम तोड़ने वाले भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जयपुर पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए कि रात्रीकालीन ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नई कार्ययोजना तैयार की जाए और यातायात पुलिस का संख्याबल आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाए।

### इमरजेंसी केयर सिस्टम होगा सुदृढ़

मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी सर्दियों में कोहरे के समय हाईवे पर रिफ्लेक्टर लगाने और पेड़ों की कटाई का कार्य समय पर किया जाए।

### जागरूकता अभियान और नागरिक सम्मान की बात भी की

मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभागों के कर्मचारी मिलकर यातायात नियमों के पालन और जनजागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले गुड सैमैरिटन नागरिकों को सम्मानित किया जाए। बैठक में परिवहन, गृह, पुलिस, सार्वजनिक निर्माण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगरीय विकास, जेडीए, एनएचएआई सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशे में धुत जेलर ने जहाजपुर उपकारागार में मचाया हंगामा

### अर्धनग्न अवस्था में पहुंचा जेल परिसर, प्रहरी से हाथापाई, अस्पताल में भी किया बवाल



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

जहाजपुर उपकारागार में मंगलवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जेलर ओम प्रकाश शराब के नशे में अर्धनग्न अवस्था में जेल परिसर में पहुंच गया और ड्यूटी पर तैनात प्रहरी से हाथापाई करने लगा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से जेल परिसर में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार, जेलर ओम प्रकाश ने नशे की हालत में प्रहरी से अपशब्द कहे और धक्का-मुक्की की, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेलर को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन उसने अस्पताल ले जाने के दौरान भी हंगामा किया। पुलिस ने उसे मेडिकल जांच के लिए जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसने अर्धनग्न अवस्था में पुलिसकर्मियों और स्टाफ से गाली-गलौज की, जिससे अस्पताल परिसर में भी अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करते हुए आरोपी जेलर के खिलाफ शांति भंग का मामला दर्ज किया है।सूत्रों के मुताबिक, ओम प्रकाश इससे पहले भी नशे की हालत में विवाद और हंगामे की घटनाओं में शामिल रह चुका है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## चार दिन बाद खत्म हुई निजी स्लीपर बसों की हड़ताल

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में निजी स्लीपर बस ऑपरेटरों की चार दिन से जारी हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई। परिवहन मुख्यालय में हुई अहम बैठक में सरकार और बस यूनियनों के बीच सहमति बनने के बाद ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस यूनियन ने बिना शर्त हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ ही मंगलवार रात से ही निजी स्लीपर बसों का संचालन धीरे-धीरे शुरू हो गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा के निर्देश पर परिवहन विभाग के अधिकारियों और बस यूनियन प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई। बैठक में सरकार की ओर से यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा गया कि बिना बॉडी कोड और सुरक्षा मानकों को पूरा किए किसी भी बस को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि बस ऑपरेटर भी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उतने ही गंभीर हैं। उन्होंने कहा, हम बिना किसी शर्त के हड़ताल वापस लेते हैं। आगे से सभी



बसों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाएगा। यूनियन के सदस्य मदन यादव ने बताया कि परिवहन विभाग ने उनकी अन्य मांगों पर भी सक्षम स्तर पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

जैसलमेर और मनोहरपुर में हुए हादसों के बाद परिवहन विभाग ने अवैध बस संचालन, गलत बॉडी डिजाइन और सुरक्षा खामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की थी। कई बसों के चालान काटे गए और कुछ सीज भी की गईं। इसी कार्रवाई के विरोध में यूनियन ने 1 नवंबर से हड़ताल का ऐलान किया था, जिससे प्रदेश में करीब 8 हजार स्लीपर बसों का संचालन ठप हो गया था।

हड़ताल खत्म होने से अब यात्रियों को राहत मिली है। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर सहित सभी प्रमुख रूटों पर मंगलवार रात से ही बसों का संचालन सामान्य होने लगा है।

## वंदे मातरम @ 150: देशभक्ति, स्वदेशी और राष्ट्रीय एकता का महाअभियान

### 7 नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम, भीलवाड़ा सहित नौ जिलों में होंगे आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में देशभक्ति, स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 7 नवम्बर को जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में होगा, जबकि भीलवाड़ा सहित अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, सीकर और अलवर में जिलास्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे।

इसके साथ ही 10 नवम्बर से 15 नवम्बर तक विभिन्न विभागों, विद्यालयों और संस्थानों में वंदे मातरम @150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे।

### सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूलों तक गूंजेगा वंदे मातरम

राज्य सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों, नगरीय निकायों, पंचायत राज संस्थाओं, स्कूलों, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों और पुलिस थानों में वंदे मातरम @150 कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।

इस दौरान सामूहिक गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, चित्रकला, निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनका उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम की भावना को सशक्त करना है।

### जिला स्तरीय आयोजन में रैलियां, स्वच्छता अभियान और सम्मान समारोह

भीलवाड़ा सहित सभी जिलों में प्रभात फेरी, रन या बाइक रैली, शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, और स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिजनों के सम्मान समारोह होंगे। विद्यालयों में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जाएगा, जबकि एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर भी




आयोजित किए जाएंगे।

सांस्कृतिक संध्या में वंदे मातरम थीम पर आधारित देशभक्ति नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां होंगी।

### कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रगीत वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व को समझाने और नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया जाएगा।

### ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा अभियान

प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर भी वंदे मातरम @150 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से एक स्थान, एक समय, एक गीत वंदे मातरम थीम पर सामूहिक गायन, रैलियां और सेवाकार्य आयोजित किए जाएंगे।

## डोडा-चूरा तस्करी में बड़ा फैसलाः दो तस्करों को 20-20 साल की सजा, दो-दो लाख का जुर्माना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

डोडा-चूरा तस्करी के एक मामले में विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण ) जगदीशप्रसाद शर्मा की अदालत ने दो आरोपितों को 20-20 साल के कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

यह मामला 7 नवंबर 2019 का है, जब काछोला थाना पुलिस ने लक्ष्मणगढ़ तिराया पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से अजवाइन, प्याज और लहसून के कट्टों के नीचे छिपे करीब एक हजार किलो डोडा-चूरा बरामद किया था।

पुलिस ने ट्रक चालक मदनलाल पुत्र बालूलाल प्रजापत और खलासी सांवरलाल पुत्र महावीर प्रसाद, दोनों निवासी रायपुर (शाहपुरा), को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया था।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने सुनवाई के दौरान सात गवाहों के बयान और 203 दस्तावेज प्रस्तुत किए। सभी साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी करार दिया और सजा सुनाई।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


CMYK

## सेवा भाव को समर्पित अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन ने मनाया रंगारंग दीपावली स्नेह मिलन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।** अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन, इकाई ने पश्चिमी राजस्थान इकाई की महिलाओं के साथ मिलकर भव्य दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में हंसी, मस्ती, गेम्स और सरप्राइज गिफ्ट्स के साथ महिलाओं ने उत्सव का आनंद लिया।

अध्यक्ष रूपा परसरामपुरिया ने बताया कि सम्मेलन सेवा कार्यों को समर्पित है। हाल ही में भीलवाड़ा इकाई ने कच्ची बस्ती में घुमंतू जाति के बच्चों के लिए पाठशाला शुरू की है, जहाँ 30 से अधिक बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। समारोह में आगामी सामाजिक प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में नूतन सिंगला, वंदना अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रितु नागौरी, गुणमाला अग्रवाल, आशा दुदावत, जया अग्रवाल, संगीता मानसिंहका, सपना अग्रवाल, सीमा निमोदिया, डॉ. नीतू जालान, संध्या अग्रवाल, अंजना क्याल, रीना अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

# झूलेलाल भगवान पर आपत्तिजनक टिप्पणी से सिंधी समाज आक्रोशित बिजौलिया में प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** छत्तीसगढ़ के नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य पूज्य झूलेलाल भगवान के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूरे सिंधी समाज में गहरा आक्रोश फैल गया है। इसी कड़ी में सोमवार को बिजौलिया कस्बे के सिंधी समाजजनों ने एकजुट होकर विरोध जताया और उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोपी नेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने लिखा कि अमित बघेल ने 26 अक्टूबर को मीडिया से बातचीत के दौरान भगवान झूलेलाल के प्रति अपमानजनक एवं असंवेदनशील टिप्पणियां की थीं, जिससे देशभर के सिंधी समाज की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। समाजजनों का कहना है कि इस तरह की टिप्पणियां धार्मिक सौहार्द को आघात पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि पूज्य झूलेलाल भगवान सिंधी समाज के इष्टदेव और आस्था के प्रतीक हैं। उनके प्रति असम्माननजनक भाषा का प्रयोग पूरे समाज का अपमान है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार आरोपी नेता के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी धर्म या देवी-देवता के प्रति इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी करने का दुस्साहस न करे।



समाज के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में सिंधी समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। इस दौरान मोहन लुधानी, किशोर, इंद्र देवानी, भरत , राजू, संजय , मोहित सहित सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे ।

# कस्तूरबा गांधी छात्रावास की अधूरी चारदीवारी बनी चिंता का कारण

### निर्जन क्षेत्र में छात्राएं भय के माहौल में, समिति सदस्य ने कलेक्टर से की सुरक्षा की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।** कस्बे में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास की अधूरी चारदीवारी अब छात्राओं की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस संबंध में बालिका छात्रावास विकास समिति बिजोलिया के सदस्य शक्ति नारायण शर्मा ने भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर शेष चारदीवारी निर्माण की मांग की है।



शर्मा ने अपने पत्र में बताया कि सत्र 2022-23 में बिजोलिया कस्बे में कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास स्वीकृत होकर प्रारंभ हुआ था। राज्य सरकार द्वारा छात्राओं के लिए एक सुविधाजनक भवन का निर्माण कराया गया, जिसमें वर्तमान में 100 से अधिक छात्राएं निवास कर अध्ययन कर रही हैं। छात्रावास का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। हालांकि भवन का निर्माण कार्य तो पूर्ण हो गया, लेकिन चारदीवारी का निर्माण अधूरा रह गया। बताया गया कि दीवार केवल दो तरफ से बनी हुई है, जबकि बाकी दो दिशाओं में निर्माण कार्य शेष है। छात्रावास का भवन कस्बे के आबादी क्षेत्र से दूर एक निर्जन स्थान पर स्थित है, जहां आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखा जाता है। इससे छात्राओं में भय और असुरक्षा की भावना बनी रहती है।

शर्मा ने कहा कि छात्रावास और वहां निवासरत छात्राओं की सुरक्षा के लिए चारदीवारी का पूर्ण निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मांग की है कि किसी भी उपयुक्त मद से शेष दीवार का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जाए, ताकि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके और वे निश्चिंत होकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

# डोरबेल बजाने पर डॉक्टर ने बच्चे को पीटा, ग्रामीणों में आक्रोश



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** जिले के रायला कस्बे में एक निजी डॉक्टर द्वारा एक मासूम बच्चे के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरी घटना क्लिनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। घटना राजस्थान ग्रामीण बैंक के पास स्थित डॉक्टर रणजीत मंडल के क्लिनिक में हुई। जानकारी के अनुसार, रायला निवासी एक बालक मासूमियत में डॉक्टर के घर की डोरबेल बजाकर लौट आया था। इस पर नाराज डॉक्टर ने उसे पकड़ लिया और कथित रूप से उसके साथ मारपीट कर दी। बालक के पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा किसी तरह घर पहुंचा और रोते हुए पूरी बात बताई। परिवार तुरंत थाने पहुंचा और डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

सीसीटीवी फुटेज में डॉक्टर को बच्चे के साथ हाथापाई करते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उधर, डॉक्टर रणजीत मंडल ने अपनी सफाई में कहा कि वह बच्चा रोजाना डोरबेल बजाकर भाग जाता था, जिससे परेशान होकर उन्होंने थप्पड़ मारा। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टर को इस तरह हिंसक व्यवहार नहीं करना चाहिए था, खासकर जब वह समाजसेवा के पेशे से जुड़ा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की तकनीकी जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# सड़क मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति घटिया सामग्री से हो रहा पैचवर्क, दो दिन में उखड़ी सड़क , गिट्टियाँ बनी हादसे का कारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** उपखंड क्षेत्र में इन दिनों हाइवे सड़कों की मरम्मत कार्य चल रहा है, लेकिन यह काम गुणवत्ता की बजाय खानापूर्ति अधिक साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि मरम्मत में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़कें बनने के दो दिन बाद ही उखड़ने लगी हैं। दो दिन पहले एनएच-27 से सतकुड़िया जाने वाले मार्ग पर पैचवर्क का काम शुरू किया गया था। देवगढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि नला का माताजी मार्ग पर डांबर के नाम पर केवल ऑयल डाला जा रहा है। परिणामस्वरूप सड़क पर डाली गई कंकड़-गिट्टी दो दिन में ही निकल गई, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एनएच-27 और सर्विस रोड के बीच बनी गहरी खाई अब भी जस की तस है। यह खाई





दिन-रात सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते सरकारी धन की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि घटिया काम की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसे लापरवाह कार्यों पर रोक लग सके।

# तीन साल से फरार डोडा चूरा तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।** थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे डोडा चूरा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, 2022 में थाना शक्करगढ़ क्षेत्र के ग्राम मंडपिया में पुलिस ने मदन धांकोड़ को 13 किलो अवैध डोडा चूरा के साथ पकड़ा था। मामले की जांच में सामने आया कि इस तस्करी में हजारीलाल पुत्र नानालाल उर्फ फोरूलाल धांकोड़ (55), निवासी मेघनिवास, थाना बेगू, जिला चित्तौड़गढ़ भी शामिल था, जो घटना के बाद से तीन वर्षों से फरार चल रहा था। शनिवार को थाना अधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी हजारीलाल को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है




# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।** थाना क्षेत्र के जीवलिया टोल नाके के पास मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में मेवासा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अजीत सिंह चुण्डावत की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बड़डू निवासी अजीत सिंह अपनी कार से भीलवाड़ा के सगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षक को तुरंत जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक अजीत सिंह मेवासा



विद्यालय में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और जिला हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष भी थे। शिक्षा जगत और खेल प्रेमियों में उनके निधन से गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**QUICK BITES**

## कार्तिक स्नान कर रही बालिकाओं ने की आंवली पूजन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, ढेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, किशनगढ़, गोठड़ा, गुवारड़ी, कुड़ी, बोर्डियास, खजीना, जित्यास, कालिरडिया, कांदा, खरेड़ आदि कई गांवों में कार्तिक मास का स्नान कर रही महिलाओं व बालिकाओं ने मंगलवार को आंवली व कल्पवृक्ष के पेड़ की पूजन की । बनकाखेड़ा चौराहे पर शिवालय पर कल्पवृक्ष नर-नारी की पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं व बालिकाओं की दिनभर भीड़ लगी रही । मंगलवार को सुबह से ही महिलाएं व बालिकाएं एकत्रित होकर समूह में निकली, हाथों में पूजा की थाली सजाएं मंगल गीत गाती हुई आंवली के पेड़ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की, वही बैर के पौधे की भी पूजा अर्चना की । इस दौरान काली जाट, खुशी जाट, संगीता जाट, पंकज वैष्णव, कुसुम लता वैष्णव, कोमल जाट, रिंकु जाट, खुशी जाट, खुशबू वैष्णव आदि कई बालिकाएं मौजूद रही ।।

## नवजातों पर बढ़ते जघन्य अपराध, न्याय की मांग तेज

### मोहम्मद हारून रंगरेज़ बोले माँ और नवजात की सुरक्षा समाज की जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिले में हाल के दिनों में नवजात शिशुओं के साथ हुई दिल दहला देने वाली घटनाओं ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। पहले मांडलगढ़ - बिजौलिया में मुंह में फेविक्विक डालने का मामला और अब कोटड़ी में नवजात को गोबर में लपेटकर तालाब में फेंक देने की वारदात ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर दिया है। समाजसेवी एवं महात्मा गांधी अस्पताल के पूर्व सदस्य मोहम्मद हारून रंगरेज़ ने कहा कि, एक माँ की गर्भावस्था और बच्चे का जीवन अमूल्य है। ऐसे अमानवीय अपराधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रशासन दोषियों को कठोरतम दंड दिलाए और पीड़ित परिवार को न्याय व संरक्षण दे।

उन्होंने मांग की कि पुलिस त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही जिले में गर्भवती महिलाओं और नवजात माताओं के लिए संरक्षण केंद्र व सुरक्षा निगरानी दल बनाए जाएँ। रंगरेज़ ने जिले की सभी सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे माँ और नवजात की सुरक्षा को जनआंदोलन बनाएं और प्रशासन के साथ मिलकर ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए एकजुट हों।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# पुष्कर मेले में शाहपुरा की शान का डंका मूंछ प्रतियोगिता में डॉ. इशाक खान प्रथम, भीलवाड़ा का नाम किया रोशन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचंद पेसवानी**






राजस्थान की परंपरा और गौरव का प्रतीक माने जाने वाले अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में इस बार भी सांस्कृतिक रंग खूब बिखरे। मेले की चर्चित मूंछ प्रतियोगिता में शाहपुरा के पार्षद एवं मिस्टर बियर्ड मेन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. इशाक खान ने प्रथम स्थान हासिल कर शाहपुरा और भीलवाड़ा जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में देशभर से आए 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा और अदाकारी से मंच सजा तो दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। निर्णायक मंडल ने लम्बे विचार-विमर्श के बाद डॉ. खान को विजेता घोषित किया, जबकि गोपाल प्रताप सिंह दूसरे और कमलकांत गुर्जर व देवा मारवाड़ी तीसरे स्थान पर रहे।

शाहपुरा के एडवोकेट दीपक पारीक, प्रवीण सुखवाल और लोकेश प्रजापत ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पारीक ने कहा, यह हर दाढ़ी-मूंछ प्रेमी का सपना है, जो राजस्थान की संस्कृति से जुड़ने का अवसर देता है। डॉ. इशाक खान पहले भी मिस्टर बियर्ड राजस्थान, मूंछ श्री शाहपुरा, और नेशनल फंकी बियर्ड चैंपियन जैसे खिताब जीत चुके हैं। उन्होंने कहा, अब मेरा लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराना है।उनकी इस उपलब्धि पर शाहपुरा में खुशी का माहौल रहा, परिजनों और समर्थकों ने बधाई दी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम : जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से घर-घर जाकर ली जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।



आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर 2026 के तहत मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की शुरुआत हो चुकी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को स्वयं फील्ड में उतरकर बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने सेशन कोर्ट रोड व शाम की सब्जी मंडी क्षेत्र में मतदाताओं से सीधे संवाद किया और कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उपखंड अधिकारी अक्षत सिंह भी साथ रहे।


संधू ने बताया कि आयोग द्वारा गणना प्रपत्र को सरल और एक पृष्ठीय बनाया गया है, जिसमें मतदाता का नाम, ईपिक नंबर, पता, भाग संख्या, क्रमांक और फोटो पहले से अंकित है। मतदाताओं को केवल जन्मतिथि, आधार संख्या वैकल्पिक, माता-पिता या अभिभावक का नाम, मोबाइल नंबर और एक नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो जोड़नी होगी।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि 4 दिसंबर से पहले अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कराएँ, ताकि उनका नाम सही रूप में मतदाता सूची में दर्ज हो सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन मतदाताओं के परिवारजन पहले की सूची में शामिल हैं, उनके लिए वंशावली मानचित्रण फैमिली मैपिंग की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे उन्हें किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# काछोला बाईपास बना खतरे का रास्ता, प्रशासन मौन, आमजन परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



नगर के बाईपास पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है बिना स्पीड ब्रेकर, बिना निगरानी और बिना किसी रोक-टोक के वाहन रफ्तार से गुजर रहे हैं ,भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में धड़ल्ले से तेज़ टेप रिकॉर्डर बजाते वाहन, दुकानों के आगे सड़कों पर फैले ठेले और अवैध पार्किंग ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी अब हादसे को न्योता देने जैसी बन चुकी है । रोज़ाना स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इस मार्ग पर भय के साए में चलते हैं कल शाम जयपुर से मांडलगढ़ जा रही रोडवेज बस करीब आधे घंटे तक जाम में फंसी रही, जबकि मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर नहीं आया यह स्थिति कोई नई नहीं है । हर दिन इसी तरह जाम और अफरा-तफरी का आलम रहता है ,ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड और ठेला नियंत्रित ज़ोन की व्यवस्था नहीं की गई तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे

**अधिकारी जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं :**

बाइपास पर क्षेत्र में ना किसी अधिकारी का ध्यान हे ना ही किसी जनप्रतिनिधि,का क्षेत्र में गुजरने वाले व कस्बे को ग्रामीण अंचल में जोड़ने वाले प्रत्येक रोड की खस्ताहाल हालत हे आठ ग्राम पंचायतों को पूर्व में जहाजपुर में जोड़ दिया गया अब उन आठों ग्राम पंचायत के आधे कार्यालय मांडलगढ़ हे ,आधे जहाजपुर ऐसे में अब क्षेत्र के ग्रामीण खुद को अब ठगा सा महसूस करते नजर आ रहे हे । कस्बे में अनाज मंडी बनी हुई हे लेकिन विभाग की लापरवाही से उसमें कोई कर्मचारी मौजूद नहीं हे ।

# मोचड़ियों का खेड़ा गांव में बेदखली के प्रयास पर ग्रामीणों का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



थाना क्षेत्र के मोचड़ियों का खेड़ा गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा जेसीबी मशीन से पेड़ उखाड़ने और ग्रामीणों को पुश्तैनी जमीन से बेदखल करने के प्रयास का मामला सामने आया है। इसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी एवं पुलिस उप अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों भगवानलाल, धर्मराज, शिवराज, प्रह्लाद सहित सैकड़ों लोगों ने ज्ञापन में बताया कि गांव की पुश्तैनी भूमि पर बने मकानों और पशु बाड़ों को ध्वस्त करने की धमकियां दी जा रही हैं। बीती रात कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन से पेड़ उखाड़ दिए और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया।

ग्रामीणों का कहना है कि बिकरन पंचायत प्रशासन और चारागाह विकास समिति की ओर से घरों से बेदखली के नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिससे वे परेशान हैं।

ग्रामीणों ने जालम की झोपड़ियां निवासी कैलाश मीणा, कालूलाल मीणा, श्रवणलाल मीणा, जमनालाल मीणा, सोलाल मीणा, जगदीश मीणा, गणेशलाल मीणा, पृथ्वीराज मीणा, सत्तूलाल मीणा, फतेहलाल मीणा, सोनू कुमार रेबारी और तख्तजी का खेड़ा निवासी धर्मराज सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन से राहत प्रदान करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत 18 किसानों को 36 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

उपखंड कार्यालय में कृषि उपज मंडी समिति की ओर से मंगलवार को मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के अंतर्गत मंडी स्तरीय सहायता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 18 मृतक किसानों के परिजनों को कुल 36 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई, जबकि दो प्रकरणों में विधि सम्मत राज्य सरकार से मार्गदर्शन की अनुशंसा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मंडी समिति के प्रशासक एवं उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाललाल खंडेलवाल उपस्थित रहे। समिति ने प्राप्त कुल 20 प्रकरणों में से 18 को मंजूर करते हुए सहायता राशि देने का निर्णय लिया। दो प्रकरण योजना की पात्रता में शामिल नहीं होने से निरस्त किए गए, जिन पर अपील राज्य सरकार स्तर पर करवाने का आश्वासन दिया गया।




विधायक खंडेलवाल ने कहा कि राजस्थान सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्यरत है और हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक के दौरान कृषि मंडी सचिव हेमलता मीणा द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी, नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम अहीर, बिजौलिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, भाजपा नेता गोवर्धनलाल वैष्णव, जगदीश मीणा, पार्षद अनिता सुराणा सहित कई गणमान्य नागरिक और लाभार्थी उपस्थित रहे।

# साक्षरता प्रभारियों व वॉलिंटियर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

साक्षरता निदेशालय के तत्वावधान में ब्लॉक के सभी साक्षरता प्रभारियों एवं वॉलिंटियर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण 3 एवं 4 नवंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव एवं नोडल प्रिंसिपल दिलीप सिंह ने साक्षरता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, बलराम अहीर, प्रकाश राव, राजू सुथार, उमाशंकर वैष्णव तथा एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने कहा कि साक्षरता मिशन सामाजिक विकास की बुनियाद है, जिसे पूरे ब्लॉक में समर्पण के साथ क्रियान्वित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल सहित 190 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सदराम जी का खेड़ा के व्याख्याता प्रहलाद स्वर्णकार द्वारा किया गया।

# जिला ऑप्टिकल एसोसिएशन का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

## ऑप्टिकल व्यापार के विकास एवं संगठन के विस्तार की रूपरेखा पर की विस्तृत चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला ऑप्टिकल एसोसिएशन का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष राजकुमार केसवानी के नेतृत्व में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ऑप्टिकल व्यापार के विकास एवं संगठन के विस्तार की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, व्यापारिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने और सदस्यों के आपसी सहयोग को और मजबूत करने हेतु विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार केसवानी, सचिव मोणार्क प्रजापति, कोषाध्यक्ष बंशीलाल कुमावत, मुख्य संरक्षक श्रवण केसवानी, संरक्षक नरेश केसवानी, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार केसवानी, कार्यकारिणी सदस्य अनिल राजानी, जितेंद्र सिंह भाटी, सुनील लखानी, दिनेश शर्मा, ओमप्रकाश सेन, घनश्याम मखीजा, विकास चावला, अंकित निहलानी सहित अन्य ऑप्टिकल व्यापारी सदस्य उपस्थित रहे।




# नगरीय निकायों के कार्मिकों को राज्य कोष से वेतन भुगतान शीघ्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान की समस्त नगरीय निकायों के कार्मिकों को वेतन का भुगतान राज्य कोष से शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। यह जानकारी राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय संयोजक किशोर कुमार अग्रवाल ने दी। फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने बताया कि प्रांतीय संयोजक अग्रवाल दो दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पधारे। इस दौरान नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजक ने कार्मिकों को आश्वस्त किया कि नगरीय निकायों के अधिकारी/कर्मचारियों को शीघ्र ही राज्य कोष से वेतन का भुगतान प्रारंभ हो जाएगा, इसी के साथ राज्य में कई नवीन नगरीय निकाय बनाए जाने से सभी नगरीय निकायों में पदों का स्टाफिंग पैटर्न का पुनः निर्धारण शीघ्र किया जाएगा एवं कार्मिकों को मेडिकल सुविधा हेतु आरजीएचएस योजना में आ रही विसंगतियों को दूर किया जाकर कार्मिकों को मेडिकल सुविधा सुचारू रूप से मिल सके इसके प्रयास किया जा रहे हैं। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर पारीक ने बताया कि फेडरेशन का प्रांतीय अधिवेशन माह फरवरी-मार्च में आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगरी निकायों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाकर राज्य सरकार से उनके समाधान की मांग की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सारस्वत, कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह वर्मा, भेरुलाल जोशी, श्रीकांत त्रिपाठी, उमेश पत्रिया, राकेश बैरवा, सुरेश चंद्र कास्ट, हिमांशु सुखवाल, सावन बांगड़ सहित नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



# माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब ने बैक टु बचपन कार्यक्रम में खेलों संग ताजा की यादें

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा बैक टु बचपन (ठंबा जव ठंबीचंद) नामक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से बचपन की यादें ताजा कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देना था। चेयरपर्सन निशा सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में फन गेम्स, रस्सीकूद, रिंग डालना, आंखों पर पट्टी बांधकर वस्तु पहचानना जैसे खेल कराए गए।

रस्सीकूद प्रतियोगिता में सोनू कोगटा प्रथम, अर्चना समदानी द्वितीय और मोना डाड तृतीय रहीं। समय पर पहुंचने पर चेतना जागेटिया और मधु काबरा को पुरस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा और जिला अध्यक्ष प्रतिभा लोहिया ने सभी को बधाई दी और कहा कि खेल हर उम्र में मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं। कार्यक्रम में महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक सफलता पर भी खुशी व्यक्त की गई।



## QUICK BITES

### कच्चे मकान की दीवार गिरी, बालक हुआ चोटिल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के सोपुरिया गांव में सोमवार देर रात उसे समय एक बड़ा हादसा होने से चल गया, जब झमाझम बारिश के बाद एक कच्चा केलूपोश मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से एक बालक चोटिल हो गया, वहीं परिवार के अन्य सदस्य इस हादसे में बाल-बाल बच गए । ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सोमवार रात को तेज हवा के साथ बारिश हुई, बारिश के बाद लक्ष्मण दरोगा का कच्चा केलूपोश मकान की दीवार व केलू लकडिया सहित नीचे गिर गए, जिसकी चपेट में आने से उनके पुत्र लक्ष्मण दरोगा चोटिल हो गया, गनीमत रहेगी की इसमें कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, क्योंकि मकान का बेलिंडा नीचे टिक गया, नहीं तो घटना के समय लक्ष्मण की पत्नी आशा अपने चार बच्चों के साथ नीचे सो रहे थी, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था । लक्ष्मण दीपावली के बाद बाहर काम करने के लिए गया है ।

### स्कूल वाहनों पर पुलिस की सख्ती , 78 वाहनों की जांच, 28 पर कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बच्चों की सुरक्षा और यातायात नियमों की सख्त पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भीलवाड़ा पुलिस ने मंगलवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर बाल वाहिनी चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 78 स्कूल वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 28 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और जुर्माना वसूला गया। साथ ही ऐसे चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए जिला परिवहन अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को भी निर्देश दिए कि वे अपने वाहन चालकों को यातायात नियमों की सख्त पालना के लिए नियमित रूप से जागरूक करें।

### चंवरा के हनुमानजी के दान पात्र से निकले 1 लाख 55 हजार रुपये

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के हनुमानजी मंदिर में मंगलवार को भक्तिभाव का अद्भुत माहौल रहा। शुभ अवसर पर दोपहर 1 बजे मंदिर के पुजारी रोशन वैष्णव ने विधिवत महा आरती का आयोजन किया। आरती के बाद मंदिर परिसर में स्थित दान पात्र खोला गया, जिसमें से कुल 1 लाख 55 हज़ार 80 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दान पात्र खोलने की प्रक्रिया मंदिर प्रशासन की देखरेख में पारदर्शी तरीके से पूरी की गई। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति के सचिव मदनलाल सुथार, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, दीपक पोरवाल, सत्यनारायण लढा, तारा शंकर जायसवाल, दिनेश पोरवाल, लक्ष्मण सिंह राणावत, किशन रेबारी, सूरजमल गाडरी, अशोक पोरवाल, रामलाल गुर्जर, बालूलाल भंडीया, लादूलाल गुर्जर, गोदु धाकड़ और छोटू गुर्जर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।